>

Title: Issue regarding six lanning of National Highway No. 1 between Kartar Pur and Dhilwa in Punjab.

श्री महिन्दर सिंह केपी (जालंधर): सभापति जी, मैं आपका बहुत आभारी हूँ कि आपने एक बहुत महत्वपूर्ण विषय पर मुझे ज़ीरो आवर में बोलने का मौका दिया। दिल्ली से अमृतसर वाघा बॉर्डर तक नेशनल हाईवे नं. 1 जाता है। दिल्ली से जालंधर तक यह 6 लेन है और जालंधर से, करतारपुर से लेकर ढिलवाँ तक यह 2 लेन है और फिर आगे जाकर वाघा बॉर्डर तक यह 4 लेन होता है। दुनिया में कोई ऐसा सिस्टम नहीं है। जब हम नेशनल हाईवे अथॉरिटी से बात करते हैं तो वे कहते हैं कि हम वर्ल्ड क्लास रोड बना रहे हैं। पानीपत से जालंधर तक 6 लेन हो रहा है, लेकिन आगे टू लेन है। वहाँ इतना रश है कि रोज़ वहाँ अनेक मौतें एक्सीडैन्ट से हो रही हैं। मेरा आपसे निवेदन है कि उस सड़क को अब 6 लेन करने की ज़रूरत है, क्योंकि हज़ारों लोग वहाँ हर महीने मारे जाते हैं। इतने लोग टैररिज़्म में नहीं मरे जितने वहाँ एक्सीडैन्ट में मारे जा रहे हैं। मेरा आपकी मार्फत मिनिस्ट्री ऑफ हाईवेज़ से यह निवेदन है कि उस प्रोजैक्ट को पूरा करें और उसको जल्दी से जल्दी 6 लेन करें ताकि लोग एक्सीडैन्ट से मुक्त हो सकें। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद। ...(व्यवधान)